हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री


08 तुम उठो सिया श्रृंगार करो.. सुनकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध






10 अनुज शर्मा ने किया टीकाराम का प्रचार




## खबर संक्षेप

### सार्वा आज कई ग्राम में करेंगे जनसम्पर्क



**नगरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा ने चुनाव प्रचार प्रसार काफी तेज कर दिया है। वे 15 फरवरी, शनिवार को सुबह 9 बजे से जनसम्पर्क के तहत रामनगर हिन्छापुर, ग्राम सांकरा के महावीर पारा, सतनामी पारा, महादेव पारा, बीचपारा, टिकरापारा, छिंदपारा, गौरीशंकर चौक, सत्तीपारा, स्कूलपारा, गांधीचौक, शंकरचौक, अस्पताल पारा, कोडमुड़पारा, शंकर नगर में जनसम्पर्क करेंगें। इस दौरान श्री सार्वा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों को मतदाताओं के साथ साझा करेंगे। उक्ताशय की जानकारी चुनाव प्रभारी रविशंकर दुबे ने देते हुए समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### मूट कोर्ट एक्सरसाइज एंड इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा 25 को

**धमतरी।** विधि संकाय में अध्ययनरत समस्त एलएल.बी.तृतीय वर्ष प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए दिनांक 25 फरवरी 2025 को समय-प्रातः 10.30 बजे से महाविद्यालय के विधि विभाग में मूट कोर्ट एक्सरसाईज एवं इंटर्नशिप की मौखिक परीक्षा का अयोजन किया गया है। अतः समस्त संबंधित परीक्षार्थी अनिवार्यतः अपनी प्रायोगिक फाईल के साथ उपस्थित रहें।

### पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्र परिवर्तित

**धमतरी।** परीक्षा केन्द्र क्रमांक-3301, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में पं.सुंदरलाल शर्मा व्दारा दिनांक 15.02.2025 को प्रथम एवं व्दितीय पॉली में आयोजित होने वाली बी.ए.-प्रथम एवं व्दितीय व बी.एस.सी.अंतिम की परीक्षा महाविद्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के मतगणना होने के कारण अब मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमतरी में आयोजित होगी। डॉ. विनोद कुमार पाठक प्र.प्राचार्य बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी ने समस्त परीक्षार्थियों से अपील की है कि महाविद्यालय द्वारा बनाये गये उपकेन्द्र मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमतरी में प्रथम पॉली समय-प्रातः 9.30 बजे तक एवं व्दितीय पॉली दोपहर 1.30 बजे तक उपस्थित होकर दिनांक 15.02.2025 की परीक्षा में प्रवेश पत्र के साथ सम्मिलित होवें।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ बठेनापारा वार्ड की घटना

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी बलरामसिंह ध्रुव पिता कुमारसिंह उम्र 38 वर्ष खाद्य विभाग में संविदा पर कम्प्यूटर आपरेटर का कार्य कर रहा था। युवक का 5-6 महीने से दिमागी हालत ठीक नहीं चल रहा था। गुरुवार की रात्रि युवक ने अपने घर में लगे लोहे के हुक में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा लिया। घटना की तत्काल जानकारी होने पर परिजनों ने जीवित होने के अंदेशा के तहत फंदे से उतारकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

## जिला सहकारी बैंक में लेनदेन व्यवस्था पुराने ढर्रे पर लौटी

# बांटे 67 हजार से ज्यादा एटीएम कार्ड कहीं मशीन खराब तो कई में नकद नहीं

**केस 1**

जिला सहकारी बैंक की धमतरी शाखा के एटीएम से पिछले 10 दिन से रुपए नहीं निकल रहे हैं। यहां से हर रोज किसानों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बताया गया है कि इस एटीएम में नगद तो है लेकिन तकनीकी समस्या के चलते रुपए नहीं निकल रहे हैं। सम्बलपुर शाखा का एटीएम भी लंबे समय से खराब है।

**केस 2**

किसानों के दिए गए एटीएम कार्ड अन्य एटीएम में भी चलते हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते अधिकांश एटीएम से रुपए नहीं निकल रहे हैं। तिवारी बाड़ा के पास स्थित एटीएम से रुपए निकल रहे थे, लेकिन वहां भी दो दिन से नगद नहीं है। बाकी जगह के एटीएम में तकनीकी समस्या आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसानों को सुविधा देने के लिए जिला सहकारी बैंक द्वारा जिले में 67 हजार से ज्यादा एटीएम कार्ड बांटे गए हैं। 10 एटीएम भी स्थापित किए गए हैं लेकिन मेंटनेंस के अभाव में अधिकांश एटीएम खराब पड़े हैं। कुछ में तो रुपए ही नहीं है। ऐसे में फिर से जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में किसानों की भीड़ लग रही है। जहां दिनभर इंतजार के बाद किसानों को रुपए मिल रहे हैं।

जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा किसान हैं, जिनका लेनदेन जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है। इन किसानों को लेनदेन के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में लाइन लगाकर रुपए निकालने पड़ते थे। कई बार तो शाखाओं में इतनी भीड़ लग जाती थी कि किसानों को दिनभर इंतजार करना पड़ता था। खासकर धान खरीदी के समय या बोनस आने पर। इस समस्या को देखते हुए जिला सहकारी बैंक ने किसानों को एटीएम कार्ड बांटा है। जानकारी के अनुसार जिले में 67 हजार 423 किसानों को एटीएम कार्ड बांटा गया है। जिलेभर में जिला सहकारी बैंक की 11 शाखाएं हैं। कोर्रा शाखा को छोड़कर बाकी 10 शाखाओं में एटीएम भी लगाए गए हैं। विडंबना यह है कि इसमें से अधिकांश एटीएम खराब हैं या उनमें नगद नहीं है। ऐसे में किसानों को आहरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




**लग रही भीड़**

हाल ही में किसानों ने धान बेचा है। किसान उन्नति योजना के तहत भी किसानों के खातों में करीब 500 करोड़ रुपए आए हैं। अब किसानों को खेती किसानी के लिए रुपयों की जरूरत है, ऐसे में वे रुपए निकालने के लिए एटीएम सेंटर जा रहे हैं। वहां से निराश होने के बाद जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में मैनुअली नगद राशि निकालने पहुंच रहे हैं। यहां पर रोज किसानों की भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दिनभर इंतजार के बाद उन्हें राशि मिल रही है। किसान युवराज शर्मा, गिरधर साहू, मुरारजी साहू का कहना है कि यदि एटीएम दुरूस्त कर दिए जाएं तो उनकी आधी से ज्यादा समस्या दूर हो जाएगी।

## सांड के हमले से भिक्षुक वृद्धा घायल

**गोलबाजार की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरूवार की रात्रि एक भिक्षुक वृद्धा को सांड ने हमलाकर घायल कर दिया है। घटना में वृद्धा का हाथ फैक्चर हो गया है। शहर के सब्जी बाजारों में आवारा मवेशी व सांड का आतंक बढ़ता जा रहा है। मवेशियों के अचानक सड़क क्रास करने या रास्ते में आ जाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो जाती है। वहीं भीड़ भरे सड़कों पर दो सांड के बीच जमकर लड़ाई चलती है। जो कि घंटो तक जारी रहता है। लड़ाई के चक्कर में आसपास खड़े वाहनों का कचूमर निकल जाता है। वहीं चपेट में आने से लोग घायल हो जाते हैं। शहर के गोलबाजार, इतवारी बाजार सहित अन्य बाजारों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण बाजार जाने वाले लोगों को मवेशियों से खतरा बना रहता है।



गुरुवार की रात्रि गोलबाजार में इसी तरह की घटना सामने आई है। जहां एक सांड ने भिक्षुक वृद्धा पर हमला कर घायल कर दिया है। स्थानीय टिकरापारा निवासी राजकुमारी मरार पति गिरधारी उम्र 65 वर्ष मंदिर के सामने व गोलबाजार के आसपास भिक्षा मांगकर जीवन यापन करती है। गुरुवार की रात्रि वृद्धा गोलबाजार गई थी। जहां वृद्धा सब्जी व्यवसायी से बात कर रही थी। इसी दौरान एक सांड ने वृद्धा पर पीछे से हमलाकर फ्लोर पर गिरा दिया। वृद्धा को मारते हुए सांड उसे कुचलते हुए वहां से निकल गया। इस हमले में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना को देख आसपास के सब्जी व्यवसायियों ने सांड को बाजार से खदेड़ कर घायल वृद्धा को संजीवनी 108 के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल वृद्धा को वार्ड में भर्ती किया गया है। हमले में वृद्धा का दायां हाथ फैक्चर हो गया है। वही दोनों पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी है। घायल वृद्धा का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## वैलेंटाइन डे: संस्कृति से खिलवाड़ तो किसी ने कहा- प्यार का इजहार जरूरी

■ वैलेंटाइन बाजारवाद और उपभोक्तावाद को बढ़ावा देता है : नागरिक



योगेश साहू | देवेंद्र सोनकर | कुलेश्वर भांडेकर | कोमल सार्वा | रामेश्वर मरकाम | कुशल चोपड़ा | मुकेश जैन | स्वप्निल दत्ता | मोहन साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हर वर्ष 14 फरवरी को पूरे विश्व में प्यार का दिवस मानकर वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। इसका क्रम 7 दिन तक चलता है। आखिरी दिन 14 तारीख को प्रेमी जोड़े प्यार का इजहार करते हैं। लेकिन अब इस परंपरा को कुछ देश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। भारत देश में भी हिंदू धार्मिक संगठन की ओर से नहीं मानने का आग्रह किया जाता है। हिंदू संगठनों को कहना है कि वैलेंटाइन डे पाश्चात्य देशों की देन है यह भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ है। प्रेम दिवस को माता-पिता गुरु के साथ स्नेह बांटकर मनाएं। संगठनों के विरोध के बाद यह पर्व अब लगभग लुप्तप्राय हो गया है।

शहर में वैलेंटाइन डे को लेकर नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने इसे बाजारबाद और विदेशी संस्कृति कहा है। कुछ लोग इसे प्यार का उत्सव कहते हैं।

युवा नागरिक योगेश साहू ने कहा कि वैलेंटाइन डे विदेशी संस्कृति है। भारतीय संस्कृति के विपरीत है। यह केवल बाजारवाद और कमाई का जरिया है। 7 दिन तक लोग फिजूल खर्ची में लगे रहते हैं। इससे देश की युवाओं को दूर रहना चाहिए। भावी पीढ़ी के लिए घातक है।

नागरिक देवेंद्र सोनकर का कहना है कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ है। पश्चिमी देशों की नकल है। भारतीय परंपरा में प्रेम को मर्यादित और पारिवारिक ढांचे में देखा जाता है। इससे युवा पीढ़ी में प्रभाव पड़ेगा।

युवा नागरिक कुलेश्वर भांडेकर का कहना है कि प्यार को प्रदर्शित करने के लिए वैलेंटाइन डे की आवश्यकता नहीं। यह पश्चिमी संस्कृति है। प्यार का कोई अंत नहीं। माता पिता बहन भाई गुरुजनों का प्यार और विश्वास अटूट बंधन है। वैलेंटाइन डे सिर्फ फूहड़पन है।

शहरी नागरिक कोमल सार्वा का कहना है कि वैलेंटाइन डे भारतीय जीवन मूल्यों पर पाश्चात्य सभ्यता को थोपने का सड़यंत्रकारी यंत्र है। यह कोमल हृदय में शारीरिक वासनाओं का मायाजाल बिछाने का घिनौना कृत्य है। प्रेमी युगल इस कुचक्र में पड़कर सीमा और मर्यादा लांग लेते हैं। प्रेम पवित्र है इसे साल भर मनाया जा सकता है।

युवा रामेश्वर मरकाम ने कहा कि प्यार को किसी एक दिन तक सीमित रखने की जरूरत नहीं। हर दिन भाव व्यक्त किया जा सकता है। वैलेंटाइन डे पर प्यार का इजहार करें लेकिन अपनी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान भी करें।

कुशल चोपड़ा का कहना है कि वैलेंटाइन डे पाश्चात्य सभ्यता है, जिसमें प्यार का दर्शन नहीं प्रदर्शन होता है। प्यार के नाम पर फूहड़ता है। प्यार में भावनाओं को समझने की जरूरत है।वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ है।

आम नागरिक मुकेश जैन का कहना है कि प्रेम या प्यार आस्था की तरह पवित्र व्यक्तिगत भाव है, सार्वजनिक प्रदर्शन की वस्तु नहीं। भारत में प्रेम का उत्सव बसंत पंचमी है ना कि वैलेंटाइन डे।

नागरिक स्वप्निल दत्ता ने कहा कि वेलेनटाइन डे भारत का अधिकारिक दिवस नहीं है। पाश्चात्य देशों की संस्कृति भारत में लागू नहीं हो सकता। मातृ पितृ गुरु दिवस, रक्षाबंधन, करवाचौथ, तीजा, बसंत पंचमी आदि प्रेम का प्रमाणिक दिवस है। युवाओं को भारतीय संस्कृति अपनाना चाहिए।

शिक्षक मोहन साहू का कहना है कि भारतीय संस्कृति में प्रेम केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। बल्कि समस्त सृष्टि के प्रति प्रेम और सम्मान है। सनातन संस्कृति में हर क्षण प्रेम और सम्मान का पर्व है। वेलेनटाइन डे नैतिक पतन को बढ़ावा देता है। युवावर्ग भारतीय संस्कृति अपनाए, विदेशी संस्कृति का बहिष्कार करें।

## पिथौरा में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पिथौरा में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामला नगर के तहसील ऑफिस के पास का है। पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 8 पिथौरा निवासी अंजय कुमार सिन्हा के साथ 11 फरवरी को गोपाल पांडेय, विपिन पांडेय द्वारा गाली गलौज गलौच कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि वह मतदान करने के लिए पिथौरा आया हुआ था। मतदान करने के बाद तहसील ऑफिस के पास चाय दुकान में चाय पीकर वह वार्ड नं. 14 से गुजर रहा था, तभी आरोपी गोपाल पांडेय ने रास्ता रोक कर गाली देते हुए बहुत नेतागिरी करता है, कहते हुए उसे जान सहित मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, इसी दौरान उसका भाई विपिन पांडेय लोहे का राड लहराते हुए आया और मारने लगा। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर बताया कि पिथौरा निवासी गोपाल पांडेय के साथ 11 फरवरी को आरोपी अंजय सिन्हा के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 11 फरवरी को नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष एवं पार्षद का चुनाव चल रहा था। शाम 4 बजे लगभग वह अन्य लोगों के साथ वार्ड क्र. 14 से एसडीएम आफिस जाने वाले चौक के पास बैठा हुआ था, तभी अंजय सिन्हा पिता बल्लू सिन्हा निवासी वार्ड नं 8 पिथौरा वहां आया और चिल्ला कर बोलने लगा कि मैं जिस प्रत्याशी का समर्थक हूं, उसे किसी भी हाल में चुनाव जितवा कर रहूंगा, मैंने जहां-जहां भी चुनाव प्रचार किया है, वहां जाकर तुम मेरा विरोध क्यों किए हो, मेरे पूरे मेहनत पर तुमने पानी फेर दिया कहते हुए आरोपी गाली गलौज करने लगा और मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये आक्रोशित हो गया तथा हाथ मुक्का से मारने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के लिए हेमलाल का चयन

**धमतरी।** शाउमावि सलोनी विकासखंड नगरी में पदस्थ व्यायाम शिक्षक हेमलाल सिन्हा का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो की 15 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक डी एस ऑन एस्ट्रो टर्फ हॉकी फील्ड ग्राउंड काकीनाडा आंध्र प्रदेश में होगा। इससे पहले राज्य स्तरीय चयन ट्रायल हॉकी प्रतियोगिता दिनांक 27 जनवरी 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में आयोजित किया गया था जिसमें शानदार खेल कौशल के आधार पर श्री सिंह का चयन किया गया है इससे पहले श्री सिन्हा भोपाल मध्य प्रदेश, भुवनेश्वर उड़ीसा में लगातार दो बार सिविल सर्विसेज की प्रतियोगिता खेल चुके हैं। यह लगातार तीसरी बार काकीनाडा आंध्र प्रदेश में खेलेंगे। इस खेल उपलब्धि पर प्राचार्य आरके गुप्ता वरिष्ठ शिक्षक जीएस साहू श्रीवास विकास निंबालकर, पूनम यादव साथ ही व्यायाम शिक्षक जिला अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।



## किताबों को रद्दी में बेचने वाला बाबू निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किताबों को 80 हजार रुपए में रद्दी में बेचने वाले बाबू को शिक्षाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मगरलोड होगा।

मामला सितंबर 2024 का है। छात्रों के बांटने के लिए आए पाठ्य पुस्तकों को शिक्षा विभाग के लिपिक अमन जाचक ने कबाड़ के भाव में बेच दिया। यह पुस्तकें शिक्षण सत्र 2024 की ही थी। यह





खबर अखबारों में भी प्रकाशित हुई थी। इस मामले की जांच की गई, जिसमें श्री जाचक ने स्वीकार किया कि पुस्तकें खराब हो रही थी, जिसे उन्होंने 80 हजार रुपयों में बेच दिया। जांच के बाद अमन जाचक सहायक वर्ग – 03 को जिला शिक्षाधिकारी ने जानबूझकर तथ्यों को छुपाते हुये पदत्वों के निवर्हन के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

इस प्रकरण में आगे की जांच के लिए देवेश सूर्यवंशी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एवं लीलाधर चौधरी, सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को जांचकर्ता अधिकारी की टीम बनाई गई है। अमित तिवारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### चना प्रति क्विंटल 5650 तथा सरसों 5950 रुपए का भाव मिलेगा

# समर्थन मूल्य पर चना और सरसों की होगी खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रबी फसल में दलहन, तिलहन का उपज लेने वालों किसानों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार इस बार प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान/पीएम आशा योजना के तहत चना और सरसों का समर्थन मूल्य में खरीदी करेगी। चना को प्रति क्विंटल 5650 रूपए तथा सरसों को 5950 रूपए के भाव से खरीदेगी। दलहन तिलहन की खरीदी 1 मार्च से शुरु होगी।

कृषि उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि चना और सरसों की खरीदी के लिए तैयारियां शुरु हो गई है। किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर शुरु हो गया है। चना तथा सरसों का फसल लेने वाले किसान अपना पंजीयन पोर्टल पर करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को अपने कृषि भूमि की ऋण पुस्तिका, आधार नंबर, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, के साथ आवेदन करना होगा। आवेदन अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जमा करना होगा। पंजीयन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फसल का सत्यापन करेंगे। उन्होंने बताया कि चना प्रति एकड़ 6 क्विंटल की खरीदी होगी। जिसका समर्थन मूल्य 5650 रूपए निर्धारित किया गया है।

**सरसों की खरीदी के लिए प्रस्ताव**

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि चना का समर्थन मूल्य में खरीदी के लिए 4 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। धमतरी में तरसीवां, लोहरसी, कुरूद में रामपुर, कातलबोड़ के उपार्जन केंद्र को बनाया गया है। वहीं 4 अन्य उपार्जन केंद्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। श्री साहू ने बताया कि सरसों की खरीदी का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव पास होने पर खरीदी की जगह निर्धारित कर जानकारी दी जाएगी।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**जन्मदिन उत्सव**

**आज अंतिम दिन**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पचपेड़ी के गौपालक को विद्युत विभाग से मिली 32 हजार 8 सौ रुपए की क्षतिपूर्ति राशि

■ घातक विद्युतीय दुर्घटना में चुम्मन के एक नग गाय की हो गई थी मृत्यु

**कुरुद**। बीते वर्ष 23 जून को ग्राम पचपेड़ी में घटित घातक विद्युतीय दुर्घटना में ग्राम पचपेड़ी निवासी चुम्मन लाल साहू की एक नग गाय की मृत्यु हो गयी थी। उनके द्वारा आर्थिक सहायता राशि हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कुरुद संभाग में आवेदन किया गया था। शुक्रवार को पावर कंपनी के नियमानुसार चुम्मन लाल को 32,800 रु का चेक कार्यपालन यंत्री जीके बंजारे द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक यंत्री एलएल ध्रुव, अनुभाग अधिकारी टीकाराम निषाद, कामदेव देवांगन, शेषराज वर्मा, लोकेश्वर साहू, दिलीप शोरी, पीयूष सिन्हा, पिंकी, प्रिया, चंद्राणी, चम्पेश्वर, गायत्री, तुलेंद्र, आफताब, भूपेंद्र आदि कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे। विदित हो कि पावर कंपनी के विद्युत प्रदाय तंत्र से मृत्यु होने पर परिपत्र अनुसार मृत बाहरी व्यक्ति को 4 लाख रुपये मुआवजा, दुधारू पशु के लिये 32800, भरवाही/सूखे जानवर की मौत होने पर 30,000 एवं अन्य पशु पक्षियों के लिए निर्धारित राशि प्रदान की जाती है। विद्युत दुर्घटना में शारीरिक अपंगता होने पर प्रतिशतता के आधार पर 60 हजार से 2 लाख रु तक की आर्थिक सहायता राशि दी जा सकती है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। बसना और बलौदा पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम गढ़फुलझर में आरोपी खेमलाल साव पिता गयाराम साव (50 वर्ष) के घरे 20 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया वहीं बलौदा पुलिस ने ग्राम अर्तुंडा से बनोभांठा जाने के कच्चे रास्ते में महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश आरोपी प्रेमलाल बरिहा पिता पवित्र बरिहा (36 वर्ष) बनोभांठा के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बिरकोनी में एक महिला के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि संतोषी चंद्राकर निवासी बिरकोनी के साथ आरोपी बलराम पटेल, उसकी पत्नी रानू पटेल और रोहित पटेल ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## निधन

### सुशीला बाई मगेन्द्र



**धमतरी**। ग्राम शकरवारा निवासी छबिलाल मगेन्द्र की धर्मपत्नी सुशीला बाई मगेन्द्र (60 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम शकरवारा में किया गया जिसमें समाज व ग्रामीण जन मौजूद रहे। वे पत्रकार किशन मगेन्द्र, ललित मगेन्द्र, प्रेम मगेन्द्र की भाभी थी।

### सुभाष यादव



**धमतरी**। शांति चौक सोरिद वार्ड धमतरी निवासी सुभाष यादव (45 वर्ष) का आकस्मिक निधन दिनांक 14.02.2025 को हो गया। दिवंगत की अंत्येष्ठि मुक्तिधाम सोरिद में किया गया है। जिसमें सामाजिकजन एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होकर मृतआत्मा को श्रद्धांजलि आर्पित किये। सुभाष यादव जय गजानंद मानस मंडली सोरिद के ढोलक मास्टर थे।

---

नपं. कुरुद के 41 व भखारा (भठेली) में 32 उम्मीदवारों को मिलेगा जनादेश

# मतगणना आज : नपं अध्यक्ष-पार्षद प्रत्याशियों व समर्थकों की धड़कनें तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरुद/भखारा



ज्योति चंद्राकर



तपन चंद्राकर



विनोद सचदेवा



योगेश गुरुजी



ज्योति जैन



संतोषी निषाद

नगर निकाय चुनाव का परिणाम आज सुबह 10 बजे तक आ जायेगा। सभी दलों के प्रत्याशियों व समर्थकों की धड़कनें तेज हो गयी है। चुनावी महासमर में कूदे सभी दलों के प्रत्याशियों के लिए शुक्रवार की रात कयामत की रात रही। उम्मीदवारों ने करवट बदलते हुए रात गुजारी। देर रात तक कुछ उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ मतगणना की तैयारी में लगे रहे तो कुछ लोग रिजल्ट के बाद क्या करना है, इसका भी मंथन करते नजर आये।

निकाय चुनाव के तहत नगर पंचायत कुरुद एवं भखारा (भठेली) में एक अध्यक्ष सहित 15-15 वार्ड पार्षद चुनने 11 फरवरी को मतदान किया था। सभी उम्मीदवारों को अपनी जीत का भरोसा है। एग्जिट पोल भले ही किसी को बढ़ते या कम अनुमान के आंकड़े प्रदर्शित कर रही हो, पर सीटों के वास्तविक स्थिति शनिवार को वोटों की गिनती के बाद ही साफ हो पायेगा। पता चल जायेगा कि कुरुद की 9303 व भखारा-भठेली के 5969 की जनता ने भाजपा, कांग्रेस, आप व निर्दलीय प्रत्याशियों में किसे अपने वार्ड व नगर का ताज सौंप रही है।

### कुरुद में अध्यक्ष के चार व पार्षद के 37 उम्मीदवार हैं मैदान में

कुरुद नपं. में इस बार अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें भाजपा से ज्योति भानु चंद्राकर, कांग्रेस से तपन चंद्राकर, आप से विनोद सचदेवा एवं योगेश गुरुजी निर्दलीय थे। वहीं वार्ड पार्षद के लिए भाजपा- कांग्रेस से क्रमशः वार्ड क्रमांक 1 से मोहन अग्रवाल- उत्तम साहू, 2 से लोकेश जांगड़े- डुमेश साहू, 3 से नवीन यादव- रजत चंद्राकर, 4 से महेंद्र गायकवाड़- रोशन जांगड़े, 5 से मिथलेश बैस- दिवाकर चंद्राकर के अलावा भारती बैस, 6 से सीतेश सिन्हा- राघवेंद्र सोनी के अलावा समारू सिन्हा, थानेश्वर सिन्हा 7 से सुरेखा चंद्राकर- उर्वशी चंद्राकर, 8 से रवि मानिकपुरी- मुकेश साहू के अलावा योगेश गुरुजी, 9 से कविता चंद्राकर- बसन्त साहू, 10 से कमलेश ध्रुव- अर्जुन ध्रुव, 11 से राजकुमारी ध्रुव-राजकुमारी कंवर, 12 से भारती पंचायन- राखी चंद्राकर, 13 से उत्तम साहू- देवव्रत साहू के अलावा राजा धीवर व ज्ञानचंद सिन्हा, 14 से विनोद चंद्राकर- मनीष साहू के अलावा मणिकांत, 15 से अनुराधा साहू- मंजू साहू उम्मीदवार है।

### भखारा(भठेली) में अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी में सीधी टक्कर रही

नपं. भखारा- भठेली में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से ज्योति हरख जैन व कांग्रेस के संतोषी निषाद के बीच सीधा मुकाबला रहा। इसी प्रकार यहां पार्षद प्रत्याशियों के बीच सीधी जंग हुई। जिसमें भाजपा- कांग्रेस से क्रमशः वार्ड क्रमांक 1 से परदेशी कंवर- त्रिभुवन नागरची, 2 से भूपेंद्र यादव- प्रवीण सिंह गौर, 3 से उमेश सोनवानी- भानुप्रताप गायकवाड़, 4 से छबि निर्मलकर- सुरेश साहू, 5 से भारती साहू- अविनाश गौर, 6 से चांदनी साहू- यशोदा साहू, 7 से झम्मन साहू- दिनेश्वर पटेल, 8 से चूड़ामणि साहू- मेघनाथ साहू, 9 से अंजू साहू- चुनेश्वरी साहू, 10 से खेमलता साहू- रामेश्वरी साहू, 11 से हितेंद्र साहू- नितेश मानिकपुरी, 12 से विष्णु साहू- सुनील साहू, 13 से डुमेंद्र गंगबेल- डाकेश साहू, 14 से भुपेश्वरी चंदेल- किरण कोसरिया, 15 से गौतमी पटेल-सुरेंद्र निर्मलकर मैदान में डटे थे।

### सुबह 9 बजे होगी गिनती शुरू 10 बजे तक परिणाम

नगर कुरुद के लिए स्थानीय इंडोर स्टेडियम को स्ट्रांग रूम बनाया गया है वहीं भखारा में बिसाहू सिंह गौर हाईस्कूल को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां तगड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन को रखा गया है। आज सुबह 9 बजे मतगणना शुरू होगी भखारा में सभी वार्डों का एक राउंड में गिनती होगी जबकि कुरुद के वार्ड 11 व 14 के मतों की गिनती दो राउंड में की जायेगी। नतीजे 10 बजे तक स्पष्ट हो जाएंगे। मतगणना स्थल पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।

---

# तुम उठो सिया श्रृंगार करो.. सुनकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध




■ राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर पार्श्वगायिका मैथिली ठाकुर ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राजिम कुंभ कल्प मेला के पहले दिन सांस्कृतिक मंच पर अन्तर्राष्ट्रीय गायिका मैथिली ठाकुर के भजन सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से की। इसके बाद तुम उठो सिया श्रृंगार करो, कभी राम बनके, कभी श्याम बनके, मेरे झोपड़ा के भाग्य, भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा, हम कथा सुनाते जैसे एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम भक्ति से ओतप्रोत भजन से पूरा माहौल राममय हो गया। उल्लेखनीय है कि मैथिली ठाकुर 2017 में प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंची जब राइजिंग स्टार के सीजन 01 में भाग लिया।

मैथली इस शो की पहली फाइनलिस्ट थी। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर प्रस्तुति देकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति महतारी लोक कला मंच के प्रमुख कलाकार चंद्रभूषण वर्मा की टीम ने दी। खन खन बाजे बैला के घुंघरू और सुन सुन मोर मयारू जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों का सम्मान पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।

---

# जिले के 6 नगरीय निकायों में आज सुबह 9 बजे से होगी मतगणना

**धमतरी**। जिले के सभी 6 नगरीय निकायों में आज 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतगणना का काम शुरू होगा। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत डाले गये वोटों की गिनती सभी निकायों में बने स्ट्रांग रूम स्थल पर होगी। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सभी मतगणना केन्द्रों पर जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतगणना हाल में किसी भी व्यक्ति को मोबाईल, लैपटाप, स्मार्टवॉच, कैमरे आदि इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना में लगे विशेष अधिकारी-कर्मचारी केवल रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति से अपने मोबाईल अंदर ले जा सकेंगें। मीडिया प्रतिनिधि फोटो-वीडियोग्राफी के लिए वीडियो कैमरा और स्टिल फोटो कैमरा ले जा सकेंगे, परन्तु मोबाईल से वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नगरपालिक निगम धमतरी के 40 वार्डों सहित पांच नगर पंचायतों कुरूद, मगरलोड, नगरी, आमदी और भखारा के 15-15 वार्डों के लिए 15 फ़रवरी को सुबह 9 बजे से मतगणना का काम शुरू होगा। नगर निगम धमतरी के वार्ड 15, 23, 35 में 3 राउंड में और बाकी में दो राउंड में मतगणना होगी। नगर पंचायत कुरूद में वार्ड 11 और 14 में दो राउंड बाकी एक राउंड तथा भखारा, आमदी, मगरलोड एवं नगरी नगर पंचायत में 1-1 राउंड में मतगणना होगी। प्रति टेबल एक गणना अभिकर्ता और 2 सहायक रहेंगे। महापौर और अध्यक्ष पद के लिए हर टेबल पर एक अभिकर्ता एवं वार्ड पार्षद के लिए उसी टेबल पर एक अभिकर्ता होगा। पहले ईडीबी की गणना की जाएगी, उसके 30 मिनट बाद ईवीएम से मतों की गिनती शुरू होगी। धमतरी नगर निगम की मतगणना में 160, कुरुद, भखारा, नगरी, आमदी और मगरलोड में 60-60 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**परिचय पत्र के साथ प्रातः 8 बजे से करना होगा प्रवेश** : नगरीय निकायों के लिए बनाये गए प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों-गणना एजेन्टों के लिए पृथक प्रवेश द्वार होंगे तथा रिटर्निंग आफिसर-सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं गणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी पृथक प्रवेश द्वार होगें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचन एजेंटों को पहचान पत्र जारी किये गए हैं। असुविधाओं से बचने के लिए सभी अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना हॉल में प्रातः 8 बजे तक प्रवेश करेंगे।

**मोबाइल ले जाने की नहीं होगी अनुमति** : मतगणना परिसर में मीडिया सेन्टर और कम्प्युनिकेशन सेन्टर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी, लेकिन मतगणना हॉल में मोबाईल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैमरा, स्मार्टवॉच, लेपटॉप, गुटखा, सिगरेट के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मतगणना हॉल में केवल रिटर्निंग आफिसर-सहायक रिटर्निंग आफिसर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति एवं ऑब्जर्वर, निर्वाचन के संबंध में डयूटी पर तैनात लोक सेवक अभ्यर्थी, उनका निर्वाचन अभिकर्ता तथा गणना अभिकर्ता को जाने की अनुमति होगी। मतगणना हॉल में किसी भी सुरक्षाकर्मी को रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बिना अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

**मतगणना कक्ष में निर्धारित क्रम में बैठना होगा** : आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था का क्रम निर्धारित किया गया है। सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता फिर मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता इसके बाद पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता और निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता बैठेंगे। किसी भी गणना अभिकर्ता को हॉल में अपने मेज से अन्य मेज पर जाने की अनमति नहीं होगी। गणना अभिकर्ता को मतगणना के दिन प्रारूप 18 (क) के भाग एक (अभ्यर्थी के मतदान अभिकर्ता को मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारी द्वारा दिये गये प्रारूप) लेकर आना अपेक्षित है।

**सर्वप्रथम डाकमत पत्रों की होगी गणना** : स्ट्रांग रूम को निर्धारित समय पर प्रेक्षक, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। जिसकी वीडियोग्राफी की जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्र में सर्वप्रथम महापौर-अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जायेगी। तत्पश्चात एक-एक करके क्रम से सभी वार्डो के लिए प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात मतदान मशीनों (ईवीएम) में रिकॉर्ड किये गये मतों की गणना की जाएगी।

**अनुशासन बनाये रखना होगा, निर्देशों का उल्लंघन करने पर होंगे बाहर** : मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं गरिमा बनाई रखी जायेगी। रिटर्निंग आफिसर-सहायक रिटर्निंग आफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले को मतगणना हॉल से बाहर भेजा जा सकता है। मतगणना पर्यवेक्षक ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों-गणना अभिकर्ता को कन्ट्रोल यूनिट का डिस्प्ले पैनल दिखायेगा ताकि वे कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गये मतों को नोट कर सकें।

---

# आयुक्त की सख्ती से सफाई अभियान में आई तेजी, अब नागरिकों को भी बदलनी होगी आदतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की स्वच्छता को लेकर आयुक्त प्रिया गोयल पूरी मुस्तैदी से जुटी हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने धमतरी जनपद कार्यालय के पास प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स एवं विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्यों की प्रगति को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक शौचालय की स्थिति काफी खराब पाई गई। अव्यवस्था और गंदगी को देखते हुए आयुक्त ने नाराजगी जताई और संचालक को तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही, लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित संचालक को नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

### सफाई के लिए जागरूक होने की जरुरत

आयुक्त प्रिया गोयल की सक्रियता से शहर में सफाई अभियान को गति मिल रही है, लेकिन सिर्फ प्रशासनिक प्रयासों से स्वच्छता संभव नहीं। नागरिकों को भी अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा। कचरा इधर-उधर फेंकने की प्रवृत्ति को छोड़कर स्वच्छता के प्रति जागरूक होना जरूरी है। प्रशासन की ओर से सफाई के इंतजाम किए जा रहे हैं, लेकिन अगर नागरिक जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तो ये प्रयास अधूरे रह जाएंगे। स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक की सोच को साकार करने के लिए प्रशासन और आम जनता दोनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। आयुक्त का सख्त रवैया यह साफ करता है कि शहर की सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बोर्ड परीक्षार्थियों को दिए आवश्यक टिप्स

**धमतरी**। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर दवारा आगामी माह में कक्षा 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षा होगी। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने बोर्ड परीक्षार्थियों को आवश्यक टिप्स दिये। उन्होंने समय-सीमा में प्रश्न हल करना, शब्द सीमा, शुद्ध लेखन तथा सभी प्रश्न को क्रमशः हल करने के लिए कहा। शिक्षक ने पूर्व वर्षों के सभी प्रश्न को हल करने तथा लगातार लिख लिखकर प्रश्नों को हल करने की समझाइश दी। लिखने में निरंतरता आवश्यक है। दस-पंद्रह मिनट पूर्व पूरा पेपर हल कर जांच करने के लिए कहा जिससे कोई प्रश्न हल करने में न छूटा हो।

---

# आंकड़ों में कांग्रेस तो रुझानों में भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी बढ़त में

■ न.पं. भखारा (भठेली) में पार्षदों की बहुमत पर संशय बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

निकाय चुनाव के बाद आज मतगणना में अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों के जीत-हार का फैसला हो जाएगा। लेकिन बीते दो दिनों तक चले जीत-हार की अटकलों के बीच प्रमुख राजनीतिक दलों एवं राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों ने वार्ड से लेकर अध्यक्ष प्रत्याशी के जीत हार के तहत वोटों का अंतर बता चर्चाओं का बाजार गर्म कर रखा। जिसमें नगर पंचायत भखारा-भठेली में आकड़ों में कांग्रेस तो रुझानों में भाजपा की बढ़त बताई गई है। वहीं पार्षदों की बहुमत पर संशय बरकरार है।

बता दे कि बीते निकाय चुनाव में अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए चुनाव में यहां भाजपा के 14 तो कांग्रेस से एक मात्र पार्षद चुनाव जीतकर आई थी और पूर्ण बहुमत से नगर की सत्ता में भाजपा ने कब्जा किया था। इस बार प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच शुरू से ही कड़ा मुकाबला रहा है। दोनों प्रत्याशी को लेकर कई माहौल व समीकरण बने जिसमें राजनीति के दृष्टिकोण से चेहरा प्रमुख रहा है। मतदान के बाद कुछ प्रत्याशियों, दोनों दलों के नेताओं व आम लोगों से चर्चा के बाद जो निष्कर्ष निकलकर सामने आई है तो यहां 6 वार्डों में भाजपा व 5 वार्डों में कांग्रेस की पार्षदों की जीत सुनिश्चित है। जबकि 4 वार्डों में कड़ी टक्कर है कौन जीतेगा कौन हारेगा इसकी समीक्षा नही हो पाई है।

### ईवीएम के गर्भ से निकलेगा आश्चर्यजनक परिणाम

नगर पंचायत भखारा-भठेली में कुल 5969 मतदाताओं ने मतदान किया है। जिसमें 3892 मतदाता भखारा व 2077 मतदाता भठेली से है। दरअसल दो गांवों से मिलकर बनी यह नगर पंचायत में 10 वार्ड भखारा व 5 वार्ड भठेली के है। आम चर्चा में भखारा के युवा, व्यवसायी, बुद्धजीवी वर्गो ने भाजपा की ही जीत तय बताया है। जबकि भठेली में कुछ और ही बात चली है, जिसमें इस बार कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी निषाद को जो उसके गांव से है को अध्यक्ष बनाने के लिए वहां के करीब 70 प्रतिशत लोगों ने दलगत भावना से हटकर उसे ही वोट किया होगा। अगर ऐसा संभव हो पाया हो और भखारा की आधी आबादी भाजपा व आधी आबादी कांग्रेस को वोट की होगी तब ऐसे में यहां कांग्रेस 830 के करीब वोटों से चुनाव जीत रही है। जबकि रुझानों में पता चला है कि ऐसा हो पाना संभव नही क्योंकि टक्कर कांटे की रही है। अतएव आज सुबह 09 बजे ईवीएम के गर्भ से आश्चर्यजनक परिणाम सामने आने वाली है।

### 6 में भाजपा व 5 में कांग्रेस पार्षद बढ़त में है

ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार बात यदि वार्डों की करे तो यहां वार्ड क्रमांक 1, 4, 6, 12, 13 व 15 में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित दिखाई पड़ी है। वहीं वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 10, 14 में कांग्रेस के प्रत्याशी जीत का परचम लहराने जा रहे है। बांकी बचे वार्ड क्रमांक 7, 8, 9 व 11 में कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर है किसका पलड़ा भारी रहेगा वह मतगणना के बाद ही पता चल पायेगा।

### क्या कहते हैं, जीत-हार के आकंड़े, यहां समझे

नगर में हुए विकासकार्य, केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सत्ता होने के कारण करीब 10 प्रतिशत युवा मतदाताओं ने भाजपा का ही साथ देने की बात कही है। वहीं भाजपा-कांग्रेस दोनों ही दलों में 30-30 प्रतिशत कार्यकर्ता व पारंपरिक वोट स्थापित है। जो एक भी इधर उधर नही हो पाएगा। बचे वोटों को अगर दोनों ही दल में विभाजित कर दे तो यहां भाजपा को 3100 व कांग्रेस को 2900 के करीब वोट मिल रहा है। जिसके हिसाब से बीजेपी 200 वोटों से जीत रही है। अब यदि युवा व पारंपरिक वोटों को छोड़ कर बांकी बचे मतदाताओं में से 55 प्रतिशत मतदाताओं को भाजपा ने साध लिया हो तो 442 वोटों से जीत रही है। अगर इन सब के बावजूद वे युवा व पारंपरिक वोटों के बाद मात्र 45 प्रतिशत मतदाताओं को अपने पक्ष में लाये होंगे तब भी वे 22 से 50 वोट से चुनाव जीत रहे है।

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग



शुद्ध आहार शाकाहार



ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर

धमतरी: निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध: 94063-16777, 73890-66777
शांतिपुर पुरूर: सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका

शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर

कुरुद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी, 3X2 के 100 बैनर, फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी, 4X2.5 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी, 5X3 के 100 बैनर, फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
|---|---|---|---|
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है

हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम रेट पर
सभी चुनाव प्रचार सामग्री
* फ्लैक्स बेनर * सादा पाम्पलेट * नकली मतपत्र
* फ्लैक्स लोहा फ्रेम * मल्टीकलर पाम्पलेट * नकली मतपत्र कलर
* फ्लैक्स लकड़ी फ्रेम * बिल्ला
* कटाउट * झण्डा
सरपंच, पंच, जनपद, जिला पंचायत
चुनाव प्रचार सामग्री एक ही छत के नीचे प्राप्त करें
संजय आर्ट्स
सिहावा रोड फारेस्ट ऑफिस के सामने, सी मार्ट के बाजू, धमतरी
सिहावा चौक डागा धर्मशाला के सामने, धमतरी
Mo.9685548560, 9685928560
9827111438, 7000909964

### मसानडबरा में अरुण सार्वा बना रहे हैं 30 पक्के आवास

# कमार बस्ती में अरुण सार्वा का नाचते-गाते हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

14 फरवरी को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के भाजपा प्रत्याशी अरुण सार्वा का कमार जनजातीय बस्तियों- गीतकारमुड़ा और मसानडबरा में पारंपरिक नृत्य और गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। कमार जनजाति, जो अति पिछड़ी श्रेणी में आती है और अब भी विकास की मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है, ने इस बार चुनाव में भाजपा को अपना पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई -पीएम जनमन योजना- को लेकर भी कमार समाज में उत्साह देखने को मिला। इस योजना के तहत अति पिछड़ी जनजातियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आजीविका के लिए विशेष सुविधाएं दी जा रही है। अरुण सार्वा ने इस योजना को कमार समाज के लिए एक वरदान बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनजातीय विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित है।मसानडबरा में अरुण सार्वा ने कमार समाज के उत्थान के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। वे व्यक्तिगत रूप से यहां 30 पक्के सर्वसुविधायुक्त आवास बनवा रहे हैं, जिससे इस समुदाय का जीवनस्तर बेहतर हो सके। उनकी इस पहल से कमार समाज में उत्साह है, और उन्होंने सार्वा को आश्वासन दिया कि इस चुनाव में वे भाजपा को भारी मतों से जिताने का संकल्प लेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान कमार समाज के लोगों ने नृत्य और उत्साहजनक नारों के साथ अरुण सार्वा का स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं और युवाओं में खासा जोश देखने को मिला। कमार समाज के बुजुर्गों ने सार्वा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह पहली बार हो रहा है जब कोई नेता उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को समझकर ठोस कदम उठा रहा है।

## विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे कमार

अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अति पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। पीएम जनमन योजना के तहत कमार समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार की विशेष सुविधाएं मिलेंगी। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी जनजातीय समुदाय विकास से वंचित न रहे।

कमार समाज हमारा अपना परिवार है और भाजपा सरकार हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने कमार समाज के प्रति अरुण सार्वा की प्रतिबद्धता की सराहना की और चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का विश्वास जताया। इस जनसंपर्क अभियान ने कमार समाज और भाजपा के बीच एक नई एकजुटता और विश्वास की नींव रख दी है।

# जिपं प्रत्याशी टीकाराम ने वनग्रामों में किया प्रचार



- सिंगपुर, अंजोरा, बिरझुली, मारागांव, मोहेरा, खड़मा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 09 के भाजपा प्रत्याथी टीकाराम कंवर अपने चुनाव क्षेत्र में लगातार प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। घने जंगल के मध्य बसे ग्राम सिंगपुर, अंजोरा, बिरझुली, मारागांव, मोहेरा, खड़मा में लोगों से सम्पर्क कर जिला में भाजपा सरकार बनाने वोट देकर समर्थन मांग रहे हैं। जंगल क्षेत्र के छोटे छोटे गांव में चौपाल लगा महिला-पुरुष, बच्चों के साथ बैठकर शासन की जनकल्याणकारी योजना घने जंगलों तक लाने तथा घर-घर लाभ पहुंचाने चर्चा कर रहे हैं।



केन्द्र में नरेन्द्र मोदी, राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा गरीब परिवार, कमार परिवार, माता, बहनों, युवा बेरोजगार, विधवा, भूमिहीन सहित सभी आमजनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने योजना बनाया गया है। नरेन्द्र मोदी की गारंटी तथा विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार की उपलब्धियों से अवगत करा रहे हैं। भाजपा प्रत्याथी टीकाराम से क्षेत्र की महिला, पुरुष, बुजुर्गों से आत्मीय सहयोग मिला रहा है। वन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा प्रदान करने प्रत्याशी द्वारा आश्वस्त किया जा रहा है। सीधे सरल, मिलनसार भाजपा प्रत्याशी को अपने गांव में पाकर ग्रामीण काफी प्रसन्न है।

# कर्णेश्वर धाम भारत की धरती का दूसरा प्रयागराज : सूर्यानंद

- ब्रम्ह मुहूर्त में हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी में लगाई आस्था की डुबकी
- प्रत्येक पूर्णिमा को होती है महानदी की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



माघी पूर्णिमा महाआरती महोत्सव 2025 का शुभारंभ 12 फरवरी को ब्रम्ह मुहूर्त में हुआ। विदित हो कि संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी एवं वेदरतन सेवा प्रकल्प राजिम कुंभ के मार्गदर्शन व ठाकुरदेव बाबा के आशीर्वाद से बालका नदी के संगम पर प्रत्येक माह की पूर्णिमा को महानदी की महाआरती की जाती है।

इसी तारतम्य में माघ पूर्णिमा पर तीन दिवसीय भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस प्रातःकालीन आरती में धनेश्वर, कंवलीबाई साहू, सिहावा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी, अरुण सोम सेवानिवृत टीआई शामिल हुए। संध्याकालीन गंगा आरती में पहुंचे सूर्यानंद बाबा अंगीरा ऋषि आश्रम ने कहा कि कर्णेश्वर धाम भारत की धरती का दूसरा प्रयागराज है। माघ पूर्णिमा पर हजारों साधु संतों का शाही स्नान प्रमाणित करता है कि यह भी प्रयाग तीर्थ है। महाआरती के साथ साथ हमें गंगा मैया को स्वच्छ व निर्मल रखने का प्रयास करना चाहिए। महाआरती में महानदी सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन वैष्णव, पूर्व संयोजक पेमेन्द्र पटेल, संस्कृति प्रमुख पंकज साहू, पूर्व निधि प्रमुख देवव्रत गौतम, सचिव मुकेश यादव, आचार्य पवन मिश्रा, महानदी सेवा संस्थान के संरक्षक सदस्य राजेश यदु, विजय निषाद, सियाशरण पटेल, रूपेन्द्र साहू, पुंडरिक कश्यप, चैनसिंह बिसेन, संरक्षक सदस्य रूपेन्द्र साहू, भानु साहू, सच्चिदानंद स्वर्णबेर, पारेंद्र साहू, एसकुमार साहू, संजय साहू, डिकेश साहू, करण सेन, देवेन्द्र कश्यप टेंगना, उपाध्यक्ष लोकेश सोनी, सचिव मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष नरसिंह मरकाम, मनीष साहू, सुर्यांशु ठाकुर, उमाकांत साहू, राकेश साहू, कुलेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, लक्ष्मण, राकेश निर्मलकर, कुमान ध्रुव, नमन यादव, गैंदलाल सेन, दुर्गा महिला मानस मंडली मल्हारी के सदस्य, महानदी प्रहरी सहितअंचल के सैकड़ों भक्त सम्मिलित हुए।

# फॉर्च्यून स्कूल के छात्र ने दुबई में 400 मीटर रेस में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम करमापटपर बागबाहरा खुर्द जिला महासमुंद स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में 12 वीं में अध्ययनरत छात्र सुखदेव केवट फजा इंटरनेशनल एंड वर्ल्ड एथलीट्स ग्रांड प्रिक्स 2025 दुबई में टी 11 दृष्टिबाधित कैटेगरी में 400 मीटर रेस 59.00 सेकंड्स में पूरा कर द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल प्राप्त करने में सफल हुआ। सुखदेव इस केटेगरी में रेस में शामिल होने वाला भारत का एकमात्र एथलीट है। इसके साथ ही सुखदेव ने 1500 मीटर रेस 4.39 सेकंड में पूरा कर छठवां स्थान प्राप्त किया।

यह इंटरनेशनल पारा एथलीट्स ग्रांड प्रिक्स 2025 का आयोजन 6 फरवरी से 14 फरवरी तक दुबई में आयोजित हुआ। सुखदेव का सतत मार्गदर्शन करने वाले स्कूल संचालक निरंजन साहू एवं संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही स्पोर्ट्स के दौरान दुबई संपर्क में रहकर हौसला



आफजाई करते रहे तथा रिजल्ट आने पर फोन कर बधाई दिया। सुखदेव एक वर्ष से साई बैंगलोर में नियमित प्रशिक्षण इंटरनेशनल कोच राहुल बालकृष्ण तथा तबरास खान गाइड रनर से प्राप्त कर कुशल पारा एथलीट बना जिसने एमक्यूएस पूरी कर इंटरनेशनल रैंकिंग प्राप्त किया। राहुल बालकृष्ण एवं तबरास खान के साथ ही दुबई प्रतिस्पर्धा में शामिल होने गए हैं। जिनके प्रशिक्षण से ही यह संभव हुआ है। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ पाणिग्राही ने कहा कि सुखदेव की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत के लिए गौरवान्वित करने वाली है। सुखदेव के दुबई में प्राप्त सफलता के लिए संगीता सिंग अपर संचालक समाज कल्याण विभाग महासमुंद, मनोज कुमार घृतलाहरे जिला क्रीड़ा अधिकारी, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, मंजू कुंजेकार, आरती श्रीवास्तव, राजेंद्र अग्रवाल एवं शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

### सुखदेव का एंबीशन

सुखदेव ने इस जीत का श्रेय माता पिता, शिक्षक, कोच, गाइड रनर एवं प्रेरित करने वाले शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि उसका सपना है कि इसी तरह आगे भी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय पैरा एथलीट्स स्पोर्ट्स में भाग लेकर देश को गौरवान्वित करेगा तथा अपने माता पिता एवं परिवार की आर्थिक स्थिति को उठाने में सहायक होगा। गौरतलब है कि सुखदेव केवट फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल का यह दूसरा छात्र है जिसने इंटरनेशनल पैरा एथलीट्स दुबई में परचम लहराया है। इसके पहले ईश्वरी निषाद ने भी दुबई में परचम लहराया है। स्थानीय स्तर पर स्कूल डायरेक्टर निरंजन साहू जो कोच भी हैं के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण लगातार मिला।

# बजट पूर्व, अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के माध्यम से दिनांक 12 फरवरी 2025 माघी पूर्णिमा के दिन मुख्यमंत्री निवास नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात की। मुलाकात में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांग स्कूल सफाई कर्मचारियों को भृत्य पद पर समायोजित करने हेतु बजट में शामिल करना और फरवरी 2025 के बजट में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग को शामिल करने हेतु चर्चा किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनकर मांग को शामिल करने की बात कही है। साथ ही पूर्व में शिक्षा विभाग के सचिव तथा प्रमुख सचिव से पत्राचार कर विभाग द्वारा तैयार प्रपोजल की जानकारी ली गई।

मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से मिलने वाले टीम में प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जशपुर संभाग अध्यक्ष मुकेश यादव, मालूराम चौहान, संभाग अध्यक्ष विष्णुदास कुलदीप, मयाराम नेताम, घनश्याम निषाद, महामंत्री डगेश्वर पटेल, मनोज चक्रधारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, धमतरी जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, धमतरी जिला मिडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष नूतनकुमार साहू, बेमेतरा जिला से शशिभूषण देवांगन, नरेंद्र साहू, मनोहर नेताम, मनोज साहू, रूपेश कौशिक, लेखूराम कौशिक, हेमंत मानिकपुरी, तिलक मरावी, कैलाश कौशिक, विद्यानंद, हरिशंकर, भारतराम सभी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# जब से मां कोदोरास मंदिर की स्थापना हुई है तब से इस क्षेत्र में नहीं पड़ा है अकाल





- ग्राम सिलौटी में कोदोरास मंदिर प्रांगण में हुआ भव्य मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

12 फरवरी को ग्राम सिलौटी में कोदोरास माता मंदिर प्रांगण में भव्य एवं विशाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लेखराम साहू, गंगा राव शिंदे, पितांबर साहू, विजय साहू, पिंटू शिंदे मंदिर समिति के अध्यक्ष, गिरधारी लाल साहू, श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू, उदय राम साहू, दुलार सिंह, समाजसेवी एवं ग्राम के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेला बाबा गोरखनाथ की प्रेरणा एवं समस्त ग्रामवासी और आसपास के गांव वालों के सहयोग से 1994 से आयोजित किया जा रहा है।

कोदोरास माता की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि पहले इस क्षेत्र में अकाल बहुत पड़ता था लेकिन जब से मां कोदोरास मंदिर की स्थापना हुई है तब से इस क्षेत्र में आज तक अकाल नहीं हुआ है।

# कुलपति ने उद्यानिकी महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी का कुलपति डॉ. रवि आर. सक्सेना, कुलसचिव आरएल खरे एवं ओएसडी राजेश्वर साहू महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय ने 12 फरवरी को भ्रमण एवं निरीक्षण किया। कुलपति डॉ. सक्सेना ने सभी सहायक प्राध्यापकों को प्रयोगशाला, प्रायोगिक प्रक्षेत्र प्रबंधन के लिए निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा शैक्षणिक, उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अधिष्ठाता ने महाविद्यालय में चार वर्षों में हुई प्रगति एवं विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी। कुलपति डॉ. सक्सेना ने निर्माणाधीन महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा कुलसचिव को आदेशित किया कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराकर अध्यापन कार्य प्रारंभ कराएं। निरीक्षण के दौरान अधिष्ठाता हेमंत टोप्पो, शिखा मरकाम, डॉ. सरिता पैकारा, सुशील कुमार कश्यप, कल्पना कुंजाम, रितिका समरथ, डॉ. राजकमल पटेल, इंजी. जसपाल सिंह मनहरे, डॉ. अमिना अनिशा एक्का, डॉ. प्रतीक्षा त्रिपाठी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने किया सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल द्वारा शहर में सफाई व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए लगातार सुबह निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने हटकेशर वार्ड के तुलसी चौरा चौक में चल रहे नाली सफाई कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सफाई व्यवस्था पर फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं को सुना।

वार्डवासियों ने सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि निगम की ओर से सफाई कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिससे गली-मोहल्लों में स्वच्छता बनी हुई है। उन्होंने निगम के इस प्रयास में सहयोग देने की भी बात कही। आयुक्त ने सफाई कर्मियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से सफाई कार्य करें और आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान करें।

इसके बाद आयुक्त ने सुभाष नगर वार्ड स्थित कांटा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए करीब 1.16 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और इसे समयसीमा में पूरा किया जाए। साथ ही, तालाब के आसपास योजना बद्ध तरीके से पौधारोपण करने का भी निर्देश दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यीकरण दोनों को बढ़ावा मिले।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, कमलेश ठाकुर, नमिता नागवंशी, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित रहे। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम सफाई और विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है, ताकि शहर को अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# गर्ल्स स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**धमतरी**। वर्तमान शिक्षण सत्र समाप्ति की ओर है। बोर्ड परीक्षा के पहले ज्यादातर स्कूलों में बिदाई समारोह का आयोजन किया जाता है। ऐसे ही शिव सिंह वर्मा गर्ल्स स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। गर्ल्स स्कूल में शुक्रवार को फेयरवेल रखा गया। जिसमें 10वीं, 11वी के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम रखे गए थे। संस्था की प्राचार्य बी. मैथ्यू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने जो प्रस्तुति दी वह आकर्षक रही। आप जो मन में ठान लेते हैं उसे कर सकते हैं। जिस प्रकार दक्षिण भारतीय गानों में भाव के साथ नृत्य कर सकते हैं तो क्यों नहीं पढ़ाई के भाव को समझ सकते हो। कई बार शिक्षकों को लगता है कि ये विद्यार्थी कुछ भी नहीं कर सकता वह गलत साबित हो जाता है। उन्होंने बोर्ड में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद था।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अनुज शर्मा ने किया टीकाराम का प्रचार

■ मोर छईयां भुईयां छीतसगढ़ी गीतों की धुन में झूम उठे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से भाजपा प्रत्याशी टीकाराम कंवर के चुनाव प्रचार के लिए छीतसगढ़ी फिल्म मोर छुईयां, भुईयां के हीरो अनुज शर्मा 14फरवरी को मगरलोड ब्लाक पहुंचे थे। वनांचल क्षेत्र ग्राम सिंगपुर, अंजोरा, मुड़केरा, खड़मा, बिरझुली साहित दर्जनों गांवो में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी टीकाराम कंवर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

अनुज शर्मा ग्राम कमरौद, बोड़रा, कपालफोडी, गाड़ाडीह आदि अनेक गांवों में चुनाव प्रचार कर सेनानी ग्राम खिसोरा में सभा को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि जिला पंचायत 09 के भाजपा प्रत्यायी टीकाराम कंवर योग्य प्रत्याशी हैं। क्षेत्र के विकास की गारंटी के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की डबल इंजन की सरकार में तीसरा इंजन जिला पंचायत सदस्य प्रत्यायी टीकाराम कंवर है, विकास की पूर्ण गारंटी है। शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी के साथ क्षेत्र में पूरा किया जायेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण महिला-पुरुष, बुजुर्ग उपस्थित रहे।

इस अवसर महेन्द्र पंडित, माधवसिंह ठाकुर, शत्रुहन साहू, शेखर कंवर, धरम बिसेन, राधेलाल सिन्हा, राखी साहू, मनोरमा साहू, नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र के सतत् विकास के लिए वचनबद्ध : कविता



■ जनसंपर्क के दौरान मिल रहा ग्रामीणों का अपार स्नेह

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी क्षेत्र क्र. 6 के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कविता योगेश बाबर ने शुक्रवार को क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करते हुए ग्राम डाही भानपुरी लोहरसी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में चुनावी सभाएं ली। पैदल चलकर ग्रामवासियों से प्रत्यक्ष मुलाकात किया। इस अवसर पर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने उत्साह के साथ फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। सभा के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याएं बताई, जिसे पूरा कराने का उन्होंने वचन दिया। कविता ने ग्रामवासियों से कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निदान करने वाले योग्य, मिलनसार प्रत्याशी को आशीर्वाद दें। कुछ लोग ऐसे है जो चुनाव में प्रलोभन देकर मैदान में है जो सिर्फ घोषणाबाज होते हैं। विकास कार्यों के समय पीछे हट जाते हैं। ऐसे लोगों से बचना होगा। कविता ने कहा कि वे पिछले तीन कार्यकाल से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर क्षेत्र की सतत सेवा कर रही है। अंचल में करोड़ों का विकास कार्य हुआ है। सभापति रहकर जिले को करोड़ों की सौगात दिलवाई है। वे हमेशा ग्रामीणों के सुख दुख में साथ रही है। विदित हो कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। सभी एकस्वर में योग्य प्रत्याशी को चुनने का नारे लगा रहे हैं।

## हेल्प डेस्क भगाएगा परीक्षा का डर

**धमतरी।** बोर्ड परीक्षा का डर दूर करने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। छात्रों के साथ पालक और शिक्षक भी इस डेस्क से परीक्षा संबंधी जानकारी ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की समस्या और शंका होने पर कॉल किया जा सकता है। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि हेल्प डेस्क न्यू कम्पोजिट भवन द्वितीय तल, कलेक्टोरेट परिसर के पास स्थापित किया गया है। जिसका फोन नम्बर 07722-232390 है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को महासमुंद/ धमतरी गरियाबंद जिले के लिये सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969, 8370049468
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## श्रद्धापूर्वक मातृ–पितृ दिवस मनाया गया

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब धमतरी में 14 फरवरी शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा भाव से मनाया गया । इस अवसर पर छात्रों के आमंत्रित मातृशक्ति एवं अभिभावकों का उनके पाल्यों के द्वारा योग वेदान्त सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सेवादारों के मार्गदर्शन में पूजन–अर्चन कराया गया। मातृशक्ति द्वारा अपने संतानों के सिर पर अपार स्नेह एवं प्रेम की वर्षा की गई । उद्बोधन में कहा गया कि मनुष्य के जीवन में माता– पिता से बढ़कर कोई भगवान नही है । उनके ऋणों से मनुष्य कभी उऋण नही हो सकता। अंत में छात्रों के द्वारा अपने माता–पिता की आरती वंदन करते हुए साष्टांग प्रणाम किया गया । प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

श्री गोपाला
Shri Gopala CHILD AND DENTAL HOSPITAL
बच्चों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
सफलतापूर्वक प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चाइल्ड एण्ड डेन्टल केयर हास्पीटल
डॉ. सी.एल. साहू
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डायरेक्टर
डॉ. अभिषेक गोयल
दंत रोग विशेषज्ञ
(17 वर्षों का अनुभव)
डायरेक्टर





निःशुल्क जांच शिविर
दिनांक : 14 फरवरी एवं 15 फरवरी 2025
डेंटल चेकअप | स्पीच थैरेपी | फिजियोथैरेपी
एवं अन्य विशिष्ट / विशेष सुविधाएं
- नवजात शिशु एवं बाल्य रोग जांच
- आई.सी.यू. की सुविधा
- नवजात एवं बाल्य रोग सर्जरी
- सोनोग्राफी एवं एक्स–रे
- पैथोलॉजी की संपूर्ण जांच
- 24 घंटा भर्ती की सुविधा उपलब्ध

